



# General English For All



## Synonyms and Antonyms


| Word | Meaning | Synonym | Antonym |
|---|---|---|---|
| Niggardly | कंजूस | Miser | Generous |
| Nimble | फुर्तीला | Brisk | Sluggish |
| Nonchalant | बेपरवाह | Indifferent | Attentive |
| Novice | नौसिखिया | Beginner | Veteran |
| Noxious | हानिकारक | Baneful | Profitable |
| Nullify | अमान्य ठहराना | Annul | Uphold |
| Occult | अस्पष्ट, रहस्यमयी | Ambiguous | Transparent |
| Odious | घिनौना | Disgusting | Fascinating |
| Offensive | अपमानजनक | Abhorrent | Docile |
| Offspring | वंशज | Descendant | Forefather |

## Pronunciation key

नीचे कुछ शब्द दिये गये हैं, जिनका उच्चारण अक्सर गलत किया जाता है। इन शब्दों के गलत व सही उच्चारण नीचे दिये गये हैं।

| शब्द | गलत उच्चारण | सही उच्चारण | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1. Alcohol | अैल–कोहल | अैल'क–हॉल | शराब |
| 2. Algebra | ॲल–जैबरा | अैल'जिब्रा | बीजगणित |
| 3. Alias | अला–ॲस | ऐली–ॲस | उर्फ |
| 4. Alien | अलि–अन | ए'लि–अन | अलग प्रकृति का |
| 5. Alkali | अलकैली | अैल–कॅ–लाइ | खार |

## Phrasal Verbs



**1. Lord over** = धौंस जमाना

He likes to lord over his colleagues.
उसे अपने साथियों पर धौंस जमाना अच्छा लगता है।




**2. Make after** = पीछा करना

A goon was making after her.
एक गुंडा उसका पीछा कर रहा था।



**3. Make of/out** = समझ पाना

He could not make of/out this speech.
वह इस भाषण को समझ नहीं सका।



**4. Make off with** = लेकर भाग जाना

The miscreant made off with his attache case.
बदमाश उसका अटैची केस लेकर भाग गया।

**5. Make up = (a)** झूठी कहानी बनाना

He made up the story how he was robbed.
उसने झूठी कहानी बनाई उसे कैसे लूटा गया।

**(b)** अलग अलग चीज़ों, टुकड़ों व हिस्सों को इकट्ठा करके कुछ बनाना

A bus is made up of many parts.
एक बस कई हिस्सों को इकट्ठा करके बनाई जाती है।

**(c)** कमी दूर करना



The doctor advised him to make up deficiency of vitamins.
डॉक्टर ने उसे विटामिनों की कमी को दूर करने की सलाह दी।

## LET'S LEARN TENSES
## आओ हम टैंस सीखें

लातीनी भाषा के टैंपस (Tempus) से बना है अंग्रेज़ी का शब्द टैंस (Tense), जिसका अर्थ होता है – काल अर्थात समय। इसलिए टैंस हमें किसी काम या घटना के काल या समय से परिचित करवाता है। यह काल अर्थात समय तीन किस्मों का होता है। पहली किस्म है–प्रैज़ंट टैंस (Present Tense) अर्थात वर्तमान काल (चल रहा समय), दूसरी किस्म है– पास्ट टैंस (Past Tense) अर्थात भूतकाल (बीता हुआ समय) और तीसरी किस्म है – फ्यूचर टैंस (Future Tense) अर्थात भविष्य काल (आने वाला समय)।

इसके बाद हमारे लिए यह जान लेना जरूरी है कि हरेक काल में काम की हालत या स्थिति अलग–अलग हो सकती है। हो सकता है कि काम अभी चल रहा हो और हो सकता है कि काम पूरा हो चुका हो। इस तरह से काम की चार स्थितियां होती हैं या हम कह सकते हैं कि टैंस के चार रूप होते हैं :– 1. Indefinite 2. Continuous 3. Perfect 4. Perfect Continuous.

ये चारों रूप तीनों टैंसों में अर्थात Present, Past और Future में मिलते हैं। रिवायत के अनुसार, हमारा पहले तीनों टैंसों अर्थात Present, Past और Future के Indefinite रूप का अध्ययन करना बनता है। लेकिन इस रिवायत को तोड़ते हुए पहले हम तीनों टैंसों के Continuous रूप का अध्ययन करेंगे। टैंसों का Continuous रूप पहले करने का मुख्य कारण यह है कि इस रूप के वाक्य बाकी रूपों वाले वाक्यों से आसान होते हैं। इसलिए टैंसों का आसान रूप पहले और जल्दी सीखकर सीखने वाले के अंदर आत्मविश्वास की भावना आती है। इसलिए सबसे पहले Present Continuous Tense करते हैं।

### Present Continuous

Continuous शब्द का अर्थ होता है – जारी रहना। इसलिए Present Continuous Tense यह दर्शाता है कि काम अभी जारी है अर्थात चल रहा है। इसलिए Present Continuous Tense के वाक्यों के अंत में रहा है, रही है, रहे हैं आदि आता है। इस टैंस में सहायक क्रिया के तौर पर Is, Am या Are का प्रयोग किया जाता है। इस टैंस में Verb की पहली Form के साथ Ing (ईंग) लगाते हैं। आइए अब हम इस टैंस के कुछ वाक्य अंग्रेज़ी में बनायें :–

| | |
|---|---|
| वह बादाम खा रहा है। | He is eating almonds. |
| हम काजू खरीद रहे हैं। | We are buying cashewnuts. |
| मैं पिस्ते खा रहा हूँ। | I am eating pistachios. |
| वे मूंगफली बेच रहे हैं। | They are selling peanuts. |
| वह किशमिश खरीद रहा है। | He is buying raisins. |
| मैं खजूरें खा रहा हूँ। | I am eating dates. |
| वह अखरोट तोड़ रही है। | She is breaking walnuts. |

अगर Present Continuous Tense के वाक्य नावाचक हों तो Is, Am या Are के बाद Not लगाया जाता है। जैसे–

| | |
|---|---|
| वह बादाम नहीं खा रहा है। | He is not eating almonds. |
| हम काजू नहीं खरीद रहे हैं। | We are not buying cashewnuts. |
| मैं पिस्ते नहीं खा रहा हूँ। | I am not eating pistachios. |
| वे मूंगफली नहीं बेच रहे हैं। | They are not selling peanuts. |
| वह किशमिश नहीं खरीद रहा है। | He is not buying raisins. |
| मैं खजूरें नहीं खा रहा हूँ। | I am not eating dates. |
| वह अखरोट नहीं तोड़ रही है। | She is not breaking walnuts. |

अगर Present Continuous Tense के वाक्य प्रश्नवाचक हों तो Is, Am या Are कर्ता से पहले अर्थात वाक्य के शुरू में लगता है। जैसे–


| | |
|---|---|
| क्या वह बादाम खा रहा है? | Is he eating almonds? |
| क्या हम काजू खरीद रहे हैं? | Are we buying cashewnuts? |
| क्या मैं पिस्ते खा रहा हूँ? | Am I eating pistachios? |
| क्या वे मूंगफली बेच रहे हैं? | Are they selling peanuts? |
| क्या वह किशमिश खरीद रहा है? | Is he buying raisins? |
| क्या मैं खजूरें खा रहा हूँ? | Am I eating dates? |
| क्या वह अखरोट तोड़ रही है? | Is she breaking walnuts? |

अब हम Present Continuous Tense के वाक्य बना रहे है जो कि नावाचक भी है और प्रश्नवाचक भी। ऐसे वाक्यों में Is, Am या Are कर्ता से पहले अर्थात वाक्य के शुरू में और Not कर्ता के बाद लगता है।

| | |
|---|---|
| क्या वह बादाम नहीं खा रहा है? | Is he not eating almonds? |
| क्या हम काजू नहीं खरीद रहे हैं? | Are we not buying cashewnuts? |
| क्या मैं पिस्ते नहीं खा रहा हूँ? | Am I not eating pistachio? |
| क्या वे मूंगफली नहीं बेच रहे हैं? | Are they not selling peanuts? |
| क्या वह किशमिश नहीं खरीद रहा है? | Is he not buying raisins? |
| क्या मैं खजूरें नहीं खा रहा हूँ? | Am I not eating dates? |
| क्या वह अखरोट नहीं तोड़ रही है? | Is she not breaking walnuts? |

To be continued....

## Incorrect/Correct
## गलत / सही



**1. Incorrect : Most people are afflicted with this disease.**
**1. Correct : Most of the people are afflicted with this disease.**

**2. Incorrect : The circulation of this newspaper is more than that of any newspaper.**
**2. Correct : The circulation of this newspaper is more than that of any other newspaper.**
तुलनात्मक वाक्यों (Comparative sentences) में Any के बाद Other का प्रयोग होता है।

**3. Incorrect : I could not find it nowhere.**
**3. Correct : I could not find it anywhere.**
Could not के बाद Nowhere का प्रयोग नहीं होता है क्योंकि Could not और Nowhere दोनों ही Negative हैं। इसलिये Could not के बाद Anywhere का प्रयोग सही है।

**4. Incorrect : Hurry up lest you will miss the train.**
**4. Correct : Hurry up lest you should miss the train.**
Lest के साथ Should का इस्तेमाल करते हैं।